*प्रेस-नोट*

*सराहनीय कार्य, जनपद भदोही*

*दिनांक- 14.08.2026*

*◆श्री अभिनव त्यागी, पुलिस अधीक्षक भदोही के निर्देशन में एवं श्री शुभम अग्रवाल, अपर पुलिस अधीक्षक भदोही के पर्यवेक्षण में थाना गोपीगंज क्षेत्रान्तर्गत गोपपुर में भटके हुए 08 वर्षीय बालक को पुलिस ने सकुशल बरामद कर परिजनों को किया सुपुर्द।*

*◆ बच्चे को सकुशल पाकर परिजनों द्वारा पुलिस की त्वरित कार्रवाई की सराहना एवं आभार व्यक्त किया गया।*

*श्री अभिनव त्यागी,* पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा गुमशुदा/भटके हुए बच्चों की सकुशल बरामदगी हेतु त्वरित कार्रवाई के निर्देश के क्रम में *श्री शुभम अग्रवाल,* अपर पुलिस अधीक्षक भदोही के कुशल पर्यवेक्षण में दिनांक 13.08.2026 को डायल-112 पर सूचना प्राप्त हुई कि थाना गोपीगंज क्षेत्रान्तर्गत गोपपुर में लगभग 08 वर्षीय एक बच्चा भटकता हुआ मिला है, जो अपना नाम-पता नहीं बता पा रहा है।सूचना पर पीआरबी-7672 के पुलिसकर्मी तत्काल मौके पर पहुंचे तथा बच्चे को सुरक्षित अभिरक्षा में लेकर उसके नाम-पते के संबंध में जानकारी की गई। पूछताछ के दौरान बच्चे ने अपना नाम रिजवान, निवासी नई बस्ती, गोपीगंज बताया। इसके पश्चात थाना गोपीगंज पुलिस द्वारा बच्चे को उसके बताए पते नई बस्ती, वार्ड नंबर-12, गोपीगंज ले जाया गया, जहां उसकी माता रिजवाना मौजूद मिलीं।नाम-पता एवं पहचान की तस्दीक होने के उपरांत बच्चे को सकुशल उसकी माता के सुपुर्द किया गया। बच्चे को सकुशल पाकर परिजनों द्वारा पुलिस की त्वरित कार्रवाई के लिए आभार व्यक्त किया गया।